Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 15-12-2021 | अंक 85

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में एन एच आई का सेफ्टी मैनेजर हुआ घायल, रेफर

**अपेम लाइवः बरही**

बरही अनुमंडल बाईपास के पास सड़क दुर्घटना में एन एच सेफ्टी अ०फिसर सुंदर सिंह संधा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक एन एच सेफ्टी अ०फिसर बोकारो के रहने वाले हैं। बरही में वे एन एच का सुरक्षा का कार्यभार देखते हैं। इसी क्रम में वे बाइक से बरही की ओर आ रहे थे। तभी उनके सामने एक जानवर आ गया। उसको बचाने के क्रम में वे अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। वे खुद हेलमेट नही पहने हुए थे। जिसके कारण माथा में चोट लग गया।



घायल का इलाज करते चिकित्सक

### हजारीबाग में कुट्टी काटने के दौरान मशीन में फंसे राजस्थान के युवक की मौत

**अपेम लाइवः हजारीबाग**

हजारीबाग के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अचलजामो में कुट्टी काटने के दौरान मशीन में फंस जाने से युवक की मौत हो गई। युवक राजस्थान भरतपुर का रहने वाला था। वह गांव-गांव में घूम कर कुट्टी काटने का काम करता था। बुधवार की सुबह कुट्टी काटने के दौरान युवक मशीन में फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही विष्णुगढ़ थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक का फाइल फोटो

# सीएचसी कोडरमा के प्रभारी एवं जाने माने सर्जन डॉ अनिल कुमार ने रात एक बजे तक 52 महिलाओं का किया सुरक्षित बंध्याकरण

## दूर दराज से आए महिलाओं को वापस न लौटने पड़े इसलिए रात तक किया ऑपरेशन : डॉ अनिल कुमार

**अपेम लाइवः कोडरमा**



डॉ अनिल कुमार



बंध्याकरण ऑपरेशन करते डॉ अनिल कुमार

सीएचसी कोडरमा में शिविर लगाकर एक दिन में रिकॉर्ड 52 महिलाओं का सुरक्षित बंध्याकरण किया गया। सभी 52 महिलाओं का सुरक्षित बंध्याकरण सीएचसी कोडरमा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जाने माने सर्जन डॉ अनिल कुमार के द्वारा की गई। हालांकि इस कार्य मे सर्जन सहित अन्य स्वस्थ्यकर्मियों को रात एक बजे तक ड्यूटी करनी पड़ी। विदित हो कि 14 दिसम्बर को सीएचसी कोडरमा मे 52 महिलाओं ने आपरेशन के लिए निबंधन कराया। ,जिसमे न सिर्फ कोडरमा के दूर दराज इलाको की महिलाएँ थी बल्कि उरवां,चंदवारा और जयनगर से भी महिलाएं आ गई थी,। सीमित संसाधनों वाले सीएचसी कोडरमा में इतनी संख्या में महिलाओं का आपरेशन करना और ऑपरेशन के बाद केअर करना आसान नही था । लेकिन डॉ अनिल जो इस क्षेत्र के सबसे अनुभवी सर्जन है, उन्होंने सभी 52 महिलाओं का सुरक्षित ऑपरेशन किया। एक जयनगर की महिला ने बताया कि मेरी माँ का बंध्याकरण भी डॉ अनिल सर ने 25 वर्ष पहले किया था तो आज मैं भी अपना ऑपरेशन अपने जयनगर हॉस्पिटल में न करवा कर यहाँ करने आई हूं। डॉ अनिल ने बताया कि वे सीएचसी कोडरमा के एमओआ. ईसी है। अधिक व्यस्तता है । तब भी मुझे इतनी अधिक संख्या में आई महिलाओं को निराश नही किया और सभी का ऑपरेशन किया,। इसके बाद भी कुछ उपद्रवी तत्व नशे की हालत आपरेशन परिसर में आ गए और महिलाओं तथा स्वास्थ कर्मचारियों के साथ अभद्रता की । जिसके वजह से आपरेशन दो घंटे बाधित रहा और आपरेशन रात्रि के एक बजे समाप्त हुआ। ड० अनिल ने कहा कि इसकी सूचना वे उपायुक्त महोदय को देंगे। ज्ञात हो कि सीएचसी कोड. रमा के प्रभारी बनते के बाद अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं में कई आयाम जोड़े गए हैं। सीमित संसाधन के बाद भी अस्पताल को बेहतर बनाने के लिए कृत संकल्पित दिख रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

# "अब बहुत हुआ इंतजार, वादा पूरा करो सरकार" स्लोगन लिखा बैज लगाकर शिक्षको ने सरकार को याद कराया वायदा

## 2004 के बाद बहाल शिक्षक एवं अन्य कर्मी कर रहे है पुरानी पेंशन योजना की मांग

**अपेम लाइवः बरही**




विरोध जताते शिक्षक

एनएमओपीएस के बैनर तले बरही के वैसे शिक्षक जिनकी बहाली 2004 के बाद हुई है, अपनी पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग को लेकर अब बहुत हुआ इंतजार, वादा पूरा करो सरकार स्लोगन लिखा बैज लगाकर शिक्षको ने सरकार को उनका चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वायदा को याद कराया। जिला सह संयोजक किशोरी महतो ने बताया कि तत्कालीन केंद्र की एनडीए की सरकार के द्वारा 2004 में सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन को समाप्त कर उसके जगह नयी पेंशन योजना लागू की गई। जो किसी भी परिस्थिति में कर्मचारियों के हित में नहीं है. इसलिए कर्मचारियों के द्वारा एनएमओपीएसके बैनर तले शुरू से ही आंदोलन किया जा रहा है। झामुमो ने चुनाव से पूर्व वादा किया गया था कि हमारी सरकार बनी तो पहली कैबिनेट में ही पुरानी पेंशन को लागू कर दिया जाएगा । परंतु 2 साल बीत जाने के बावजूद भी झारखण्ड सरकार के द्वारा निष्क्रियता बरती जा रही है। इसलिए एनएमओपीएस के बैनरतले 15 और 16 दिसम्बर को सभी पेंशन विहीन कर्मी बैज लगाकर सरकार को अपना वादा याद दिला रहे हैं। यदि इस पर भी सरकार वायदा पूरा करने पर सार्थिक पहल नही की तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। अब बहुत हुआ इंतजार, वादा पूरा करो सरकार, स्लोगन लिखा बैज लगाकर वायदा याद दिलाने वालों में मथुरा प्रसाद, तुलसी कुमार दास, संजय विश्वकर्मा, उत्तम कुमार सोनी, कंचन गुप्ता, प्रियंका कुमारी, शांति देवी,अजय कुमार महतो, मो शाहिद अख्तर, फारुख हुसैन,बीरेंद्र कुमार, राज. कुमार रविदास सहित 106 शिक्षको के अलावे पशुपालन विभाग के 10, हॉस्पिटल से 7 एवं प्रखंड कार्यालय में कार्यरत 5 लोग शामिल हैं।







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 15-12-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## ज्ञान वाटिका क्लासेस रसोईया धमना के छात्र एवं छात्राएं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

### शैक्षणिक भ्रमण से प्राकृतिक, देश के अतीत व इतिहास के बारे में जानने का मिलता अवसर : परमेस्वर प्रजापति

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत में संचालित ज्ञान वाटिका क्लासेस रसोईया धमना के छात्र एवं छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया। संस्थान के संच. ालक परमेश्वर प्रजापति के नेतृव में सर्वप्रथम रांची हुंडरू फ०ल को भ्रमण किया। उसके बाद ओरमांझी स्थित चिड़ियाघर के भ्रमण करने के दौरान विभिन्न प्राकृतिक दृश्यों एवं पशु पक्षियों को देखकर आकर्षित हुए एवं जानवरों की पहचान कर उसके बारे में जानने का प्रयास किया। संचालक परमेशवर प्रजापति ने कहा कि बच्चों को इस प्रकार का भ्रमण कराना बहुत जरूरी है। इससे उन्हें प्राकृतिक संपदा, देश के अतीत व उसके इतिहास एवं पशु पक्षियों के बारे में जानने का मौका मिलता है। साथ ही अपने देश की खूबियों का भी पता चलता है। इस भ्रमण में कुल 27 बच्चे शामिल हुए। शैक्षणिक भ्रमण में कुमकुम कुमारी, पूनम कुमारी, रंजना कुमारी, पायल कुमारी, दिलकश निखत, साजिद अंसारी, अरशद अंसारी, इरशाद अंसारी, सोनम कुमारी, सीमा कुमारी, नेहा कुमारी, जूही कुमारी, रोशनी कुमारी, सुहानी परवीन, स्वाति कुमारी, सानिया परवीन, जेबा परवीन एवं मोहम्मद महबूब अंसारी मुख्य रूप से शामिल हुए।



शैक्षणिक भ्रमन का आनंद लेते बच्चे

## विजैया में आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार'' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

### सरकार जनता के द्वार जाकर कर रही है जनता की समस्या का समाधानः उमाशंकर अकेला

**अपेम लाइव : बरही**

झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर हजारीबाग जिले के सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विजैया पंचायत के प्लस टू हाई स्कूल विजैया परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकरअकेला, बरही पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रति. निधि मो0 कैयूम , मुखिया दसरथ यादव, विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्टॉल लगाया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, ज०ब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण-पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15 वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल-खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर व ऑडियो-विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई ताकि वे इन योजनाओं के बारे में जान सके और स्वरोजगार कर मुख्यधारा से जुड़ते हुए बेहतर जीविकोपा. र्जन कर सकें। वहीं शिविर में स्वास्थ्य विभाग के तरफ जांच स्ट०ल लगाकर शिविर में आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी गई। मोके पर उप मुखिया श्री सहदेव शर्मा पंचायत समिति बेबी देवी ,कांति देवी ,देवलाल कुशवाहा रवि प्रसाद सुरेश कुशवाहा चंद्रिका प्रसाद चंद्रिका दास सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



शिविर का उद्घाटन करते विधायक व अन्य

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---16.12.2021
शुभसंवत् :--2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---शुक्ल पक्ष
तिथि :---त्रयोदशी तिथि
दिन :---गुरुवार
नक्षत्र :---भरणी नक्षत्र प्रातः 08:42 तक उपरांत कृतिका नक्षत्र
योग :---शिव
करण :---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:47
सूर्यास्त : संध्या 05:13
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---मेष राशि में दिन 03:17 तक उपरांत वृष राशि में
आज का राहूकाल दिनरू---01:30 बजे से दिन :---03:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज संतान सुख प्राप्ति हेतु प्रदोष व्रत होगा।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

9122222016
बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन


ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

## वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

# सूर्यकुंड में सह–योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, विधायक हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**




बरकट्ठा : सूर्यकुंड परिसर में सह–योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अमित कु0 यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में सभी प्रकार के महिला पुरुष शामिल हो सकते हैं। यह प्रशिक्षण शिविर, पतंजलि हरिद्वार द्वारा करवाया गया। इस दौरान विधायक अमित कु0 यादव ने योगा कर लोंगो को संदेश दिए की सभी व्यक्ति को योग करनी चाहिए योग करने से शरीर की कई बीमारी दूर होती है। और तनाव मुक्त रहते हैं। योग शिविर में भाग लेने में मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा, समाजसेवी सुनील पांडेय, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र साव, राज कुमार यादव, गणेश नायक, संतोष निराला, सुरेंद्र नायक, अर्जुन नायक, सीकेन्द्र मोदी समेत आदि लोग मौजूद थे।

# मनैया पैक्स का विधायक ने किया उद्धघाटन

**अपेम लाइव :चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मनैया में पैक्स का उद्धघाटन किया। उद्धघाटन विधायक अमित कु0 यादव ने फीता काटकर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि पैक्स खुलने से यंहा के ग्रामीणों को सहूलियत होगी और सरकारी दर से धान की बिक्री करेंगे। मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर खाद आपूर्ति पदाधिकारी कारू राम प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल ,मनैया पंचायत प्रधान सुभाष ठाकुर, प्रधान प्रतिनिधि दशरथ यादव, अंचल निरीक्षक सत्येंद्र कुमार दास, मोहसिन कमाल ,अमित चौधरी इत्यादि लोग शामिल थे।

# रैयतों की समस्याओं को लेकर लगा शिविर

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**


कार्यक्रम मे उपस्थित लोग

बरकट्ठा : उपायुक्त हजारीबाग के निर्देशानुसार बरकट्ठा अंचल कार्यालय में एनएचएआई द्वारा जीटी रोड सिक्सलेन चौडीकरण के प्रभावित रैयतों का भुगतान हेतु भू–अर्जन कार्यालय द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कानूनगो सुनील कुमार सिंह,सीओ श्रीकांत लाल मांझी अमीन रामचन्द्र प्रसाद, परमानंद महतो, जाकिर हुसैन, मनोज कुमार सिंह, निर्माण कार्य करा रही कंपनी राजकेशरी लिमिटेड के अमीन प्रकाश रजक, और पवन कुमार उपस्थित थे। शिविर में पदाधिकारियों को ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ा रैयत ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भू–अर्जन में पदस्थापित सबा करीम द्वारा मुआवजे का बीस प्रतिशत की मांग की जाती है। जिसका ग्रामीणों ने विरोध करते हुए आक्रोश जताया। शिविर में एनएचआई के कोई भी पदाधिकारी नहीं पहुंचने से रैयतों ने नराजगी जाहिर की। विधायक अमित कुमार यादव ने कानूनगो से दुरभाष पर कहा कि बरकट्ठा के केसरे हिन्द और जीएम प्लॉट पर अवस्थित सरंचना का मुल्यांकन कर अब तक रैयतों को मुआवजा राशि का भुगतान नोटिस नहीं दिया गया। जो चिंता की विषय है। उन्होंने प्रभावित रैयतों की समस्याओं को अविलंब समाधान करने का निर्देश दिया। जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रखंड के मेरमगड्डा, गंगटीयाही, सक्रेज,घंघरी में बोनाफाइड संरचना का कुछ लोगों का भुगतान किया गया और अधिकांश लोगों का अबतक नहीं हो पाया है। शिविर में कोनहरा खुर्द पंसस बिरेन्द्र ठाकुर समेत सैकड़ों रैयत ग्रामीण उपस्थित थे।

# चौपारण सरकारी अस्पताल का हाल हुआ बेहाल, महिला डॉक्टर की नियुक्ति के बाद भी नही आते है डाँ. रूचिका विनय मोहन पासिने

## आधुनिक भवन से कुछ नही होगा यहा के लोगो को सरकारी अस्पताल मे आधुनिक सुविधा चाहिए : धीरज कुमार प्रजापति

**अपेम लाइव : चौपारण**



हजारीबाग जिले के सबसे बड़े प्रखंड चौपारण के सरकारी अस्पताल का हाल किसी से छिपा नही है। इस प्रखंड मे लगभग लाखो की जनसंख्या निवास करते है लेकिन यहा के महिलाओ के अच्छे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल मे एक भी महिला डॉक्टर कि व्यवस्था नही करवाया गया है। दुर्भाग्य इतना है कि यहा कि महिलाओ का डिलवरी मजबुरी मे आकर यहा की पुरूष डॉक्टर की देख–रेख मे किया जाता है। इस अस्पताल मे महिला डॉक्टर कि पोस्टिग लगभग एक वर्ष पुर्व मे हुआ था जिनका नाम डॉक्टर रूचिका विनय मोहन पासिने है। वे अपने शक्ति के बदौलत इस अस्पताल में काम किए बिना सरकारी वेतन का लाभ उठा रहे है। जब अनुपस्थित महिला डॉक्टर के रहने के संदर्भ मे चिकित्सा प्रभारी से पुछा गया तो वो बोलते है कि महिला डॉक्टर छुट्टी पर है। पुरे रात आपातकाल ओपीडी का डियूटी यहा कि आयुष डॉक्टरो के द्वारा किया जाता है। जिसमे डाँ पकज कुमार मेहता, डाँ सरवर हसन, डाँ रविकांत पाण्डेय, डाँ दिनेस कुमार एकलव्य तथा डेन्टल रोग विशेषज्ञ डाँ जितेन्द्र कुमार शामिल है। इस अस्पताल मे एमबीबीएस डॉक्टरो की संख्या चार है जिसमे डॉक्टर भुनेश्वर गोप, डॉक्टर योगेन्द्र सिंह, डाक्टर विवेक कुमार तथा एकमात्र महिला डॉक्टर रूचिका विनय मोहन पसिने शामिल है। इस संबंध में चौपारण के युवा छात्र नेता धीरज कुमार प्रजापति बताते है कि चौपारण के लोगो के लिए विडम्बना यह है कि यहा सरकारी अस्पताल की भवन तो आधुनिक तरीके से बनाए जा रहे है, लेकिन यहा की सरकारी अस्पताल मे आधुनिक उपकरण का व्यवस्था नही कराए जा रहे है। अगर किसी को कोई भी तरह की जाँच करवाना हो तो उन्हे बाहर जाना पड़ता है। सवाल उठना लाजनीय है कि उस आधुनिक भवन का क्या करेगे जहा आधुनिक ढंग से इलाज नही होता हो ? इतना ही नही अस्पताल कि साफ–सफाई पर बात किया जाए तो यह कहने मे कोई सकोच नही है कि अस्पताल प्रबंधक के द्वारा ही अस्पताल गंदा रखा जा रहा है। जब सरकार सरकारी अस्पताल की साफ–सफाई के लिए पैसा देती है तो इस पैसा को अस्पताल प्रबंधक साफ–सफाई मे क्यो उपयोग नही करती है। यहा के लोगो ने अपेम लाइव के माध्यम से जिला सविल सर्जन को सभी मामले को संज्ञान मे लेकर आधुनिक ढंग से इलाज हो इसका मांग किए है।

# विधायक ने रोमी में धान क्रय केंद्र पैक्स का किया उद्घटान

**अपेम लाइव : पदमा**
**ओम प्रकाश मेहता**


पैक्स का उद्घाटन करते विधायक अकेला यादव व अन्य

पदमा प्रखंड अंतर्गत रोमी पंचायत में विधायक उमा शंकर अकेला ने धान क्रय केंद्र पैक्स का उद्घटान किया । साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील किया कि बिचौलियों से बचे और धान को पैक्स में दे। साथ ही कह की कहा 2050 रू की प्रति दर किवंटल से सरकार धान ले रही है। मोके पर रोमी पैक्स अध्यक्ष अभिनाश कुमार ,पूर्व अध्यक्ष पिरू मेहता, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष गोतम कुमार, विधायक प्रतिनिधि विजय रविदास, अवध यक़दव एवं सुनील मेहता मौजूद थे।

# माण्डू विधानसभा में बीजेपी को बड़ा झटका, सैंकड़ों की संख्या में बीजेपी छोड़ कर थामा झामुमो का हाँथ

**अपेम लाइव : चरही**

चरही सीसीएल ऑफीसर्स क्लब में सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव फागु बेसरा उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम की संचालन झारखंड मुक्ति मोर्चा हजारीबाग जिला सचिव नीलकंठ महतो ने की। पूर्ण रूप से जोश के साथ फुसरी, तापिन, कजरी, पिपरा से सैकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल रैली के साथ लोगो ने ऑफिसर्स क्लब पहुंचे जिसके बाद कार्यक्रम में मन्नू टूडू, राम किशोर मुर्मू के साथ सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुषों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का दामन थामा, जिसके बाद लगभग पार्टी के सभी नए सदस्यों को फूल माला के साथ पार्टी में शामिल किया गया। सैकड़ों की संख्या में इस कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा में लोग शामिल हुए। सभा को संबोधित करते मंचासीन लागों ने अपने अपने विचारों को रखने का काम किया जिसमें कहा गया की झारखंड मुक्ति मोर्चा ही एकमात्र पार्टी है जो विस्थापितों के साथ हमेशा से खड़ी रही है और विस्थापितों के दर्द को भलीभांति समझती है। दिसोम गुरु शिबू सोरेन, स्वर्गीय टेकलाल महतो सहित हमारे बुजुर्गों ने हमें झारखंड राज्य दिलाया हमारा अधिकार हमें दिलाने का काम किया। मुख्य रूप से रामकिशोर मुर्मू, मनु टुडू, राजेन्द्र महतो, मो. तमिर, जगदीश मांझी के नेतृत्व में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुआ। इस मिलान समाहरो में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय महासचिव फागू बेसरा, केन्द्रीय सदस्य राजकुमार महतो जी,मांडू प्रखंड के पुर्व प्रत्याशी रामप्रकाश भाई पटेल, हजारीबाग जिला अध्यक्ष शम्भू लाल यादव, जिला सचिव नीलकंठ महतो ने माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। मिलन समारोह में मुख्य रूप से युवा मोर्चा के पुर्व केन्द्रीय सचिव दीपक गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष देवीराम हेम्ब्रोम, वरिष्ठ नेता लखन लाल महतो, कुर्बान अंसारी, संजय करमाली, मोहन सोरेन, रेशमी टुडू, नरेंद्र रविदास, परमेश्वर महतो, रविन्द्र महतो, प्रभू मुर्मू,लखीराम मांझी, बहादुर मांझी, रामचंद्र गंझू, रमेश मांझी, प्रभु गंझू पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता एवं पार्टी में आस्था रखते हुए महिला व पुरूष शामिल थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## मार्खम कॉलेज में पुटुस पत्रिका एवं न्यूज लेटर का हुआ विमोचन

### विद्यार्थियों को प्रतिभा को निखारने का कार्य करते हैं शिक्षक : प्रतिकुलपति

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**सुनिल कुमार**



पुस्तक का विमोचन करते अतिथि



कार्यकम मे शामिल लोग

हजारीबागः 15 दिसंबर : शिक्षक विद्यार्थियों को सांचा स्वरूप तराशने का कार्य करते हैं। विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षक एवं कर्मचारियों का बहुत बड़ा योगदान रहता है। उक्त बातें स्थानीय मार्खम कॉलेज स्थित विवेकानंद सभागार में कॉलेज की पत्रिका पुटुस तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से प्रकाशित न्यूज लेटर 2020 के विमोचन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा पुस्तक पढ़ना चाहिए। पुस्तक पढ़ने से दिमाग में संतुलन की क्षमता बनी रहती है। आजकल विद्यार्थी हमेशा मोबाइल से विभिन्न साइटों पर जा कर पढ़ाई करते हैं, जबकि उन्हें पुस्तक का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। प्रतिकुलपति ने कहा कि इस कॉलेज के प्राचार्य डॉ बिमल कुमार मिश्र ने एल्पर-डोगर साइंटिफिक इंडेक्स में नाम सूचीबद्ध कर विश्व में कीर्तिमान स्थापित किया है। अपने अभिभाषण के दौरान प्रतिकुलपति ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ मिश्र को विजन वाले प्राचार्य कहकर शॉल ओढ़ाकर एवं मीमेंटो देकर सम्मानित किया। प्रतिकुलपति ने मार्खम कॉलेज में संचालित पीजी के पांच विषयों हिंदी, वाणिज्य, राजनीति विज्ञान,भूगोल एवं इतिहास के विभागाध्यक्षों को परीक्षा में विद्यार्थियों के अव्वल स्थान पाने पर क्रमशः डॉ एडी सिंह, डॉ यूएस सिंह, डॉ रंजीत कुमार, डॉ पीके सिंह एवं डॉ चंदन कुमार को मीमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज में परीक्षा परिणाम अच्छा होने से कॉलेज गा. रवान्वित होता है। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर अग्नि, गंगा, विष, भस्म सभी को लेकर महादेव कहलाते हैं, उसी प्रकार विद्यार्थियों को किताब के साथ नई तकनीकी जानकारियां भी प्राप्त करनी चाहिए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कॉलेज के प्राचार्य डॉ बिमल कुमार मिश्र ने कहा कि इस कॉलेज के संस्थापक शिक्षकों का सपना अब साकार हो रहा है, तभी तो इस कॉलेज के विद्यार्थी विश्वविद्यालय की परीक्षा परिणाम में अव्वल स्थान प्राप्त कर रहे हैं। आज कॉलेज के विद्यार्थी विश्वविद्यालय में परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब विश्वविद्यालय कोविड-19 महामारी के दौर से गुजर रहा था, उस वक्त 22 मार्च 2020 से लॉकडाउन के दौरान 7 अप्रैल 2020 से आधु. निक तकनीकी सुविधाओं के बगैर इस कॉलेज के शिक्षकों ने ऑनलाइन कक्षा लेने का बीड़ा उठाया। आज इस कॉलेज के पीजी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क०लेज को गौरवान्वित किया है। इस कॉलेज में सिविल सर्विसेज एस्पिरेशन क्लब का गठन किया गया है, इसमें विद्यार्थियों को निरूशुल्क सिविल सर्विसेज की परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी। इस कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए वातानुकूलित अध्ययन कक्ष विद्यमान है। कॉलेज में सप्ताह में विद्यार्थियों का एक दिन लाइब्रेरी में पुस्तकों का अध्ययन करना जरूरी कर दिया जाएगा। आधारभूत संरचनाओं के अभाव में कॉलेज में बाह्य एवं इंडोर खेल जारी है। प्राचार्य ने कहा कि पुटुस पत्रिका हजारीबाग के प्रकृति की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस कॉलेज में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के माध्यम से विगत वर्ष 2018 से तीन बार न्यूज़लेटर का प्रकाशन किया गया है। आगामी न्यूज़लेटर 2021 का प्रकाशन 2022 में होगा। इस कॉलेज को फरवरी 2022 में नैक कराना है, इसके लिए पत्र भेजी जा रही है। प्राचार्य ने क०लेज में पीजी डिप्लोमा इन आर्कियोलॉजी एवं मशरुम के लिए विश्वविद्यालय को अभ्यावेदन दिया है। समारोह की शुरुआत मां शारदे की तस्वीर पर मंचासीन अतिथियों ने माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर प्राचार्य ने प्रतिकुलपति का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। समारोह में एनएसएस की स्वयंसे. विकाओं ने सरस्वती वंदना कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वागत संबोधन में हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ अखिलेश्वर दयाल सिंह ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शिक्षक नवजीत शाहदेव एवं समीर प्रसाद की न्यूज़लेटर प्रकाशन के लिए प्रशंसा की। समारोह में प्राचार्य ने प्रतिकुलपति को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंच संच. ालन हिंदी विभाग के शिक्षक प्रो गजेंद्र कुमार सिंह ने एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर इंचार्ज डॉ सुरेंद्र कुमार बरई ने किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों में कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ कामेश्वर उपाध्याय डॉ आरएन सिन्हा, डॉ हयात अहमद, डॉ सीताराम शर्मा, डॉ बीके विश्वकर्मा, डॉ सीपी दांगी, डॉ डी पांडेय समेत क०लेज के शिक्षकों में मुख्य रूप से डॉ एनके मेहता, डॉ एसएम कैशर, डॉ रूपम सिंह, डॉ एसएन त्रिपाठी, डॉ गोविंद झा पीओ बीएन सिंह समेत सभी शिक्षक, कर्मचारी, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग समेत हिंदी विभाग के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## अन्तर्राष्ट्रीय शांतिदूत प्रेम रावत जी की लिखित पुस्तक,,HearYourself, को एसडीओ को की भेंट



एसडीओ को पुस्तक भेंट करते हुए

**अपेम लाइव : बरही**

बरही अनुमण्डल पदाधिकारी महोदया,पुनम कुजूर जी को अन्तर्राष्ट्रीय शांतिदूत आदरणीय प्रेम रावत जी की लिखित पुस्तक,,HearYourself,,,की भेंट विश्व हिन्दू परिषद् के हजारीबाग जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता,प्रखण्ड अध्यक्ष नन्दकिशोर कुमार ,राज विद्या, रसोइया धमना के हरिहर प्रसाद,प्रो, हीरामन साव ने भेंट की। महोदया जी ने इस पुस्तक कुछ पंक्तियों को पढ़ा, इन्होने पुस्तक की काफी प्रशंसा करते हुए कहा कि आदरणीय प्रेम रावत जी ने चार साल की उम्र से ही शांति का संदेश भारत और तेरह साल की उम्र से संम्पूर्ण विश्व के कोने-कोने में शांति का संदेश सुनाते आ रहे हैं।इतनी छोटी उम्र से ही शांति का संदेश सुनाना अपने आय एवंप में अद्‌भुत है चमत्कार है। इसी का परिणाम है कि आदरणीय प्रेम रावत जी को ,, विश्व अन्तरराष्ट्रीय दूत सम्मान् के साथ साथ विभिन्न सम्मान्नों से प्रतिष्ठित किया गया है। महोदया जी ने आगे कहा कि यह सही बात है कि मनुष्य जीवन अन्य जीवन से सर्वोत्तम जीवन है। मनुष्य जीवन में काम,क्रोध,लोभ, अहंकार,दया,प्रेम ,,प्यार आदि भावनाओं के साथ साथ मन और हृदय दो मुख्य बातें हैं, जो मानव जीवन का संचालन करता है। मनुष्य अपने मन के ही इतना वशीभूत है और मन भी मनष्य को इतनाअपने वश में कर लेता है कि मनुष्य अपने हृदय को सुन ही नहीं पाते। तभी तो , आज के समय में मनुष्य जीवन मेंजतमे, जमदजपवद बढ़ता जा रहा है, इसके साथ साथ बीमारियां भी बढ़ती जा रही है।मन की गति हवा से भी सबसे तेज गति होती है। मनुष्य जिस दिन और जबसे अपने हृदय की बात सुनने लग जायं, अपने हृदय,आत्मा, से पूछकर अपने कार्य को कार्यरूप देना शुरू कर दें,उस दिन से विश्व में शांति स्थापित हो जाएगी। मालूम हो कि हमारा हृदय भी बोलता है, उनकी भी आवाज है,जो मनुष्य को सही राह , सही कदम दिखाता है। यही सबसे बड़ी साधना है।हम सभी ने अनुमंडल पदाधिकारी महोदया जी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बैंक खाते से अवैध निकासी को लेकर पीड़ित महिला ने थाने में दिया आवेदन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नयाटांड पंचायत के विश्रामपुर निवासी मालती देवी पति कार्तिक महतो के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाता संख्या 34235761591 आईएफएससी कोड 0094352 है। जिससे रू 9700 की अवैध निकासी कर ली गई है। जिसे लेकर पीड़ित महिला ने बड़कागांव थाने में आवेदन देकर मामले की छानबीन कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



पीड़ित महिला

## विष्णुगढ़ के चेडरा पैक्स में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश कू0 वर्मन**



विष्णुगढ़ के चेडरा पैक्स में बुधवार को धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्‌घाटन किया गया। मुख्य अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर इसकी शुरूआत की। इस मौके पर बनासो के किसान अर्जुन यादव समेत कई किसानों के धान की सरकारी दर पर खरीदगी की गई। झामुमो जिलाध्यक्ष ने बताया कि क्रय एजेंसी जेएसएफसी के माध्यम से धान का मूल्य 1940 रूपए तथा राज्य सरकार द्वारा बोनस 110 रूपए जोड़कर कुल 2050 रूपए क्विंटल की दर से किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। किसान अब औने-पौने दामों पर बिचौलिओं को धान नहीं बेचकर पैक्स के माध्यम से धान की फसल बेचें। इससे किसानों को अधिक लाभ होगा। पैक्स अध्यक्ष मो कमरुद्दीन खान ने भी किसानों को पैक्स में धान बेचने की अपील की। मौके पर चेडरा प्रधान अशोक कुमार, पूर्व अध्यक्ष शमशुल हक, राजू श्रीवास्तव, राणा इकबाल खान, सुनील अकेला, सुरेश राम, आफताब आलम, शाबिर शेख समेत कई लोग मौजूद थे।

## एनटीपीसी में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध करानें को लेकर उपायुक्त को आवेदन सौंपा

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

कॉन्ग्रेस व्यापार एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में समस्त प्रभावित ग्रामीण जनता बड़कागांव के लोगों ने उपायुक्त से मिलकर रोजगार संबंधी आवेदन देकर ध्यान आकृष्ट करते हुए आग्रह किया की पकरी बरवाडीह कोल माइंस विगत कई वर्षो से खनन कार्य कर रही है और हम लोगों का जमीन कंपनी में जा चुका है। लेकिन कंपनी रोजगार नहीं मिली है। जिसके कारण हम लोग रोजगार के लिए पलायन करने पर मजबूर हो जाते हैं ।वर्तमान समय में एनटीपीसी की कन्वेयर बेल्ट तैयार हो चुकी है जिसका मेंटेनेंस ठेका शिव शक्ति कंपनी को दी गई है मेंटेनेंस कार्यो के लिए रोजगार के काफी अवसर हैं इस पर लोगों ने उपायुक्त महोदय से आग्रह किया कि इस बार हम लोगों को रोजगार से जोड़ा जाए । राजेश गुप्ता ने बताया कि उपायुक्त ने सभी प्रभावित ग्रामीणों से बारी बारी से समस्याएं सुनी एवं रोजगार मुहैया कराने का उचित आश्वासन दिए ।इस मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष कजरू साव, सोनू इराकी, मोहम्मद मुख्तार, आलम इम्तियाज, आसिफ हुसैन एवं अन्य लोग शामिल थें।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## झामुमो नेता असगर अन्सारी के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न



**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड बलिया पंचायत के ग्राम चरघरा में झामुमो की एक बैठक रखी गई जिसमें गांव के सभी महिला, पुरुष बैठक में शामिल हुए।और झाम. ुमो सरकार पर भरोसा जताया और आने वाले 20 दिसम्बर को गांव के सभी समस्याओं को आपकी सरकार, आपके अधिकार आपके द्वार कार्यक्रम में रखकर समाधान करवाना है बैठक में उपस्थित थे झाम. ुमो के वरिष्ठ नेता असगर अंसारी, शहदीन अंसारी, गुलाम रसूल, शागिर अंसारी, युनुस अंसारी, जुलाब मियाँ, शमसुल अंसारी, आलम अंसारी, जैनुल अंसारी, इशाक अंसारी, इस्लाम अंसारी, कमरुल हासमी, रहमान अंसारी, रुस्तम अंसारी अजहर उद्दीन ,अल्ल्ला. उद्दीन अंसारी,मुस्तकीम अंसारी, मिनहाज अंसारी, नईम अंसारी, एजाजुल अंसारी, महबूब अंसारी, मेंहदी मियाँ,बलिया पंचायत के जुझारू मुखिया उम्मीदवार शाहनाज खातुन, के साथ दर्जनों महिलाएं जँहा पब्लिक के बीच से माले के नेता पर 7 हजार रुपए 8 हजार रुपए कर के दाखिल खारिज,प्रधानमंत्री आवास के नाम पर रुपया लिया गया है जनता ने 3दिनों की मोहलत दिया है रुपए वापस करने का और नहीं तो कोर्ट एफिडेविट देकर वीडियो से रुपया वापसी और कानूनी कार्यवाही करने का भी बात किया गया है।माले के लोग गरीबों के लिए लड़ते नहीं हैं बल्कि गरीबों का गाढ़ी कमाई लूटने के लिए लड़ते हैं।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरी बकरे का किया गया वितरण।

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बकरी वितरण करते अतिथि

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बकरा विकास योजना के प्रखंड बड़कागांव के चौपदार बलिया में 05 , सांढ़-01 हेसाबार-02 लाभुकों के बीच 4 मादा एंव 01 नर बकरे का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर न्यूटन तिर्की,बड़कागांव भ्रमणशील पशुचिकित्सक डॉ जियाउल रहमान, सहायक जिला पशुपालन कार्यालय हजारीबाग के महेश कुमार, बड़कागांव नेता संजय कुमार,पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद अली रजा, मो० हाजी कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विशेशवरनाथ चौबे, कांग्रेस तब्बसुम, आदि लोग मौजूद थे

## बरनवाल महिला संघ का गठन, बबिता बनी अध्यक्ष

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश कु0 वर्मन**



बरनवाल महिला संघ के नवमनोनीत पदाधिकारी

विष्णुगढ़ के बरनवाल सेवा सदन सभागार में बुधवार को नवयुवक बरनवाल संघ के तत्वाधान में बरनवाल महिला संघ का गठन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरनवाल समाज की प्रदेश अध्यक्ष पूनम बरनवाल शामिल हुई। उसने समाज के उत्थान के लिए अपनी बातें रखी और लोगों को एकजुट होकर काम करने का निर्देश दिया। कहा कि मि. हलाओं के विकास के बिना समाज का विकास अधूरा है। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से विष्णुगढ़ अध्यक्ष बबिता बरनवाल, उपाध्यक्ष वीणा बरनवाल, कोषाध्यक्ष प्रिया बरनवाल, सह कोषाध्यक्ष सीमा बरनवाल, सचिव दीपा बरनवाल, सहसचिव ममता रानी तथा मीडिया प्रभारी शालिनी बरनवाल का मनोनयन किया गया। इसके अलावा 15 सदस्यीय कार्यकारिणी एवं मार्गदर्शक मंडली का भी गठन किया गया। मौके पर नवयुवक बरनवाल संघ अध्यक्ष नितेश बरनवाल कोषाध्यक्ष दीपक बरनवाल, मीडिया प्रभारी रो. हित बरनवाल, सचिव नीतीश बरनवाल, संयुक्त सचिव विजय कुमार बरनवाल, आदर्श बरनवाल, राकेश बरनवाल, राजेश बरनवाल समेत समाज की कई महिलाएं मौजूद थे।

## इंकलाबी नौजवान सभा गिरिडीह का जिला सम्मेलन किया गया

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी के हटिया मैदान में इंकलाबी नौजवान सभा गिरिडीह का जिला सम्मेलन किया गया जिसमे बेरोजगारी के सवाल पर नियुक्तियों के सवाल केंद्र और राज्य के सरकार के नौजवान विरा. ेधी नीतियों के सवाल पर संघर्ष को तेज करने का निर्णय लिया गया सम्मेलन की अध्यक्षता व संचालन विदाई कमिटी के सचिव विनय संथालिया ने किया और पुनः नई कमिटी के गठन किया गया नव निर्मित कमिटी के अध्यक्ष सर्वसम्मति से सोनू पांडेय एवं सचिव अशोक मिस्त्री, उपाध्यक्ष सीताराम पासवान, असगर अली, प्रीति भास्कर, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, सह सचिव कुलदीप रॉय, उपसचिव पुरन कुमार महतो चुने गए जिला कमिटी में राजेश कु0 विश्वकर्मा , विक्रम आनंद रॉय, आनंदी यादव, शंकर पासवान, जिम्मी चौरसिया , खुर्शीद अंसारी, सतेन्द्र यादव , भोला महतो आदि को लेकर 61सदस्यीय कमिटी गठित की गई। राष्ट्रीय महासचिव नीरज कुमार ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार युवाओं के साथ छलावा कर रही है और झारखंड की राज्य सरकार भी पूर्व के सरकार के नक्शे कदम पर चल रही है इन सरक. ारों के खिलाफ पूरे देश के युवाओं को जागरूक कर एक बड़ा आंदोलन खड़ा करने की जरुरत है । सम्मेलन में मुख्य रूप इनौस के राष्ट्रीय महासचिव क०मरेड नीरज कुमार, राष्ट्रीय सचिव संदीप जयसवाल, भाकपा माले के जिला सचिव क०मरेड पुरन महतो , समाले जिला कमिटी सदस्य रामु बैठा,बिरनी प्रखंड कमिटी के सदस्य रामविलास पासवान, टेक्नारायन सिंह आदि उपस्थित रहे एवं गिरिडीह जिला के तमाम प्रखंडों से हजारों नौजवान इस सम्मेलन में शामिल हुए

## नागी पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित,

### बिजली, पानी व सड़क की समस्या के समाधान की उठी मांग

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश कु0 वर्मन**




सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन करते लोग

प्रखंड के नागी में बुधवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन किया गया। बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, सीओ रामबालक कुमार, पूर्वी क्षेत्र के जिप सदस्य मिथिला पटेल, ग्राम प्रधान अंजू देवी, कार्यकारी पंसस फुलमती देवी आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। आयोजित जनता दरबार में ग्रामीणों के बीच योजनाओं के प्रति जागरूकता देखी गई। जनता दरबार में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, खाद्य आपूर्ति, पीएम आवास, जेएसएलपीएस, मनरेगा, 15वें वित्त, शिक्षा, बाल विकास परियोजना, कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, कृषि एवं पशुपालन विभाग, पेयजल स्वच्छता विभाग, मत्स्य विभाग, राजस्व, वन विभाग, आधार पंजीकरण, सहकारिता विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को संबंधित विभाग के समक्ष रखा। सबसे अधिक सड़क निर्माण, पेंशन आदि योजनाओं की समस्या ग्रामीणों ने की। नागी पंचायत भवन से पन्नाटांड मुख्य सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीण गंभीर दिखे और अपनी समस्या रखी। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।






## बहुत हुवा इंतजार, वादा पूरा करो सरकार बैज लगाकर एनपीएस कर्मियो ने किया अपना कार्य

**अपेम लाइव :चौपारण**



राज्यभर में कार्यरत सभी विभागों कर्मियों ने न्यू पेंशन स्कीम की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे है। इस दौरान अपने मांगों के समर्थन में चौपारण प्रखण्ड में सभी एनपीएस कर्मियो ने अपने अपने विद्यालय, सरकारी कार्यालयों, आदि में कार्यरत कर्मियो ने दो दिवसीय बैज लगाकर अपने कार्यो का निष्पादन किया। सभी कर्मियो ने ष्अब बहुत हुवा इंतेज़ार, वादा पूरा करो राज्य सरकारष का स्लोगन लिखा बैज लगाकर जताया विरोध। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए संघ के जिला संरक्षक प्रकाश कुमार ने बताया कि हम सभी एनपीएस कर्मी हेमंत सरकार से बहुत आशान्वित थे कि ये सरकार पुरानी पेंशन लागू करेगी किंतु 2 वर्ष बीत जाने के बाद सरकार इस पर कोई ठोस कार्रवाई नही किया है जिससे पेंशविहीन कर्मियों में रोष व्याप्त है। बैज लगाकर हम सभी साथी सांकेतिक विरोध और सरकार उनके किये वादे याद दिला रहे हैं। अगर माननीय मुख्यमंत्री हमारी माँगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए पुरानी पेंशन बहाली की दिशा में कदम आगे नही बढ़ाते हैं तो विवश होकर हमलोग चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान केबीएसएस प्लस दो उच्च विद्यालय, दनुवा प्लस दो उच्च विद्यालय, उच्च विद्यालय टोईया डेबो, ईगुनिया, बसरिया, बृन्दा, आदि विद्यालयों व प्रखण्ड, अंचल, चौपारण थाना आदि कार्यालय में कार्यरत कर्मियो ने किया प्रदर्शन।

## 100 : वैक्सिनेशन को लेकर बी डी ओ सह सी ओ ने कसी कमर

## प्रखण्ड के सभी विभागो के कर्मचारियों के साथ किया मौराथन बैठक

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



बुधवार को लगभग चार सौ लोगो को पड़ा वैक्सीन

कान्हाचट्टीः प्रखण्ड में सौ प्रतिशत वैक्सिनेशन करने को लेकर ज हाँ राज्य सरकार तैयारी की है वहीँ राज्य सरकार के निर्देश पर उपायुक्त ने सभी प्रखंडो को ज्यादा से ज्यादा वैक्सीन लोगो को दिलवाने को लेकर दिशा निर्देश जारी किए ।जिसके आलोक में बुधवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो के अध्यक्षता में प्रखण्ड के सभी विभागों के कर्मियों के साथ मैराथन बैठक किए ।बैठक में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा प्रभारी डॉ०. आदित्य शेखर, जे एस एल पी एस के बी पी एम,सभी रोजगार सेवक सहित अन्य कर्मियों के साथ बैठक किए ।बैठक में कहा कि जिस पंचायत में वैक्सिनेशन सौ प्रतिशत से कम हुआ तो उस पंचायत में प्रतिनियुक्त कर्मी नपेंगे ।सभी रोजगार सेवकों एव पंचायत के कर्मियों को निर्देश दिए है कि अपने अपने पंचायत में लोगो को जागरूक करें तथा वैक्सिनेशन केंद्रों पर ज्यादा से ज्यादा लोगो को ले जाकर वैक्सीन कराएं ।वही बुधवार को प्रखण्ड के छह केंद्रों पर लगभग चार सौ लोगो को वैक्सीन पड़ा। मौके पर बी पी ओ निरजंन सिंह,बैजनाथ कुमार, बी सी ओ सौकत सरवर आदि शामिल थे।

## कान्हाचट्टी के किसानों को औने पौने दामो में नहीं बेचना पड़ेगा धान

## प्रखंड में दो धान क्रय केंद्र का किया गया उद्घाटन

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




कान्हाचट्टीः प्रखण्ड के किसानों को धान औने पौने दामो में अब बेचने के लिए मकबुर नहीं होना पड़ेगा ।किसानों के धान क्रय के लिए प्रखंड के रा. जपुर पंचायत अंतर्गत लडिया और चारू पंचायत अंतर्गत पेलतौल में बीसीओ सौकत सर्वर व विधायक प्रतिनिधि रा. जेंद्र राम ने संयुक्त रूप से धान क्रय केंद्र का उद्घाटन बुधवार को फीता काटकर किया। मौके पर बीसीओ सर्वर ने कहा कि धान क्रय केंद्र खुलने से किसानों में खुशी की लहर है। क्रय केंद्र में धान देने से सरकार के निर्धारित मूल्य मिलेगा और किसानों को अधिक मुनाफा होगा। इस केंद्र में किसानों द्वारा धान देने से किसानों को उचित मूल्य मिलेगा वही बिचौलियो के हाथों औने–पौने कीमतों में नहीं बेचना पड़ेगा। इस मौके पर पैक्स के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, विजय साहू, गोपाल सिंह, त्रिभुवन सिंह, पप्पू सिंह, सहित दर्जनों किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पूर्व विधायक लोकनाथ महतो शामिल हुए

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




कार्यक्रम में शामिल पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं अन्य

बड़कागांवः कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों का बड़कागांव के सामुदायिक भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो अमर शहीद जगदेव प्रसाद पर माल्यार्पण कर सभा का उद्घाटन किया । पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के द्वारा गरीब विद्यार्थी पढ़ सकते हैं, समाज के त्रुटियों को सुधार सकते हैं और राष्ट्र के निर्माण में भी सहायक हो सकते हैं। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के सचिव जिला परिषद सदस्य टूकेश्वर प्रसाद ने कहा कि आप लोग पूरे भारत के स्वयंसेवक हैं ,यहां के स्वयंसेवक कोविड 19 के लिए काम किया था। डॉ०. बालेश्वर महतो ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के बौद्धिक एवं शिक्षा विकास पर प्रकाश डाला। विशेष शिविर के कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदा. धिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्वयंसेवकों को सामुदायिक भवन बड़कागांव में 7 दिनों तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक गांव में घूमकर कोविड–19 टीक. ाकरण के संबंध में महिला मंडलों में जाकर जागरूक करने का प्रयास करेंगे। यह प्रशिक्षण युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए किया जाता है ।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि सभी स्वयंसेवकों को विशेष शिविर में नए–नए चीजों का सीखने का अवसर मिलेगा साथ ही साथ स्वयंसेवकों को जो प्रमाण पत्र दिया जाएगा वह नामांकन एवं अन्य कार्यों में मदद भी मिलेगा इस मौके पर पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर ज्योति जलधर , प्रो मो. फजरुद्दिंन, प्रो पवन कुमार, प्रोफेसर ललिता कुमारी एवं गोंदल. पुरा पंचायत के पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला दर्जनों स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## बेला में साहू भवन का हुवा उदघाटन

**अपेम लाइव :चौपारण**



समाज को एकजुटता प्रदान करने में मददगार साबित होगा भवन आशीष गुप्ता

बेला में साहू समाज द्वारा नव निर्मित साहू भवन का विधिवत पूजन के साथ हुवा गृहप्रवेश। इस दौरान तैलिक साहू समाज के अनुमंडलीय उपाध्यक्ष बीरबल साहू व भाजयुमो मंडल सह साहू समाज युवा अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने सामूहिक रूप से फीता काटकर नए भवन का किया उदघाटन। इस दौरान आशीष गुप्ता ने बताया कि समाज को एकजुटता प्रदान करने में काफी मददगार साबित होगा। कहा साहू बहुल पंचायतो में लोगो को प्रेरित कर प्रत्येक पंचायतो में साहू भवन का नींव रखा जाएगा। मौके पर बुधन साव, हेमराज साव, अशोक साव, डॉ० शंकर साव, ज्ञानी साव, झमन साव समाज के सैकड़ों महिला–पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

## आपके अधिकार–आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, लाभुकों को मिला योजनाओं का लाभ

**अपेम लाइव :**
**टाटीझरिया राजू यादव**







टाटीझरिया प्रखंड के डुमर पंचायत में आपके अधिकार–आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राशन कार्ड, पेंशन योजना, आवास योजना, श्रम विभाग, मत्स्य विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, मनरेगा, सहकारिता, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, समाज कल्याण, बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, ई–श्रम कार्ड व अन्य कई विभागों का शिविर लगाया गया। जिसमें हजारों ग्रामीणों का आवेदन लिया गया। नोडल अधिकारी इंदु खलखो कार्यक्रम में अनुप. स्थित रही। शिविर में असहाय 74 वर्षीय सोनाराम मांझी वृद्धावस्था पेंशन के लिए गुहार लगाया। दिव्यांग मोसेमात सुनीता पति स्व नकुल सिंह मायापुर निवासी बैसाखी के सहारे 3 किलोमीटर की दूरी तय कर शिविर में पहुंची थी। उसने बताया कि काफी बार आवेदन दिया है लेकिन अबतक उसका दिव्यांग पेंशन की स्वीकृति नहीं हो पाया है। शिविर में आवेदन देने के बाद उसे इसकी स्वीकृति की उम्मीद है ।आपके अधिकार–आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में महज एक घंटे में स्वीकृ त हुई वृद्धावस्था पेंशन टाटीझरिया। प्रखंड के डुमर पंचायत में आयोजित आपके अधिकार–आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में त्वरित कार्रवाई करते हुए महज एक घंटे में वृद्धा रुकमणी देवी का वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत हुआ। लाभुक रुकमणी देवी ने कहा कि वृद्धा पेंशन के लिए बडी दौडलियो कागज पतर करलियो, कहूं कुछो नाय होलय, तब आज पेंशन बन गेलय..बहुत खुश भेलियव आज। विदित हो कि डुमर निवासी रुकमणी देवी पति स्व रुपलाल गंझू का वृद्धावस्था पेंशन पिछले कई वर्षों से विभिन्न समस्याओं के कारण नहीं बन पा रहा था। इसकी सूचना पर बीडीओ शाईनी तिग्गा ने बुधवार को आपके अधिकार–आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में त्वरित वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत किया। साथ ही बढते ठंड के प्रकोप को देखते हुए जिप सदस्य रवि सिंह, बीडीओ, बीएओ सुधीर राय की उपस्थिति में वृद्धा को कंबल दिया गया। त्वरित पेंशन की स्वीकृति मिल जाने और ठंड में कंबल मिलने लायंस क्लब अ०फ हज़ारीबाग़ रोअरिंग के द्वारा टाटीझरिया प्रखण्ड के बेडम, बन्हे और डुमर ग्राम मे असंगठित क्षेत्र के मज. दूरों को केंद्र सरकार के द्वारा प्रायोजित ई–श्रम कार्ड एवं श्रमयोगी मानधन योजना के अंतर्गत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विगत एक सप्ताह से जगरूकता शिविर का आयोजन किया गया और आज क्लब के उपाध्यक्ष राजमोहन वर्मा के द्वारा सभी को एकत्रित करते हुए आज प्रज्ञा केंद्र मे सभी का निबंधन का कार्य करवाया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 अकुशल क्षेत्र के श्रमिकों का निबंधन का कार्य किया गया।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विष्णुगढ़ में कुट्टी काटने की मशीन में फंसकर संचालक की मौत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश कुमार बर्मन**


विष्णुगढ़ में हादसे के बाद जुटे ग्रामीण

विष्णुगढ़ में कुट्टी काटने की मशीन में फंसकर संचालक की मौत हो गई। घटना प्रखंड के अचलजामो पंचायत अंतर्गत सिमरिया गांव की है। मृतक नवल सिंह (47) पिता मुखराम सिंह राजस्थान के भरतपुर जिला के पिरका गांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि उसने ट्रैक्टर के इंजन से जोड़कर पुआल से कुट्टी काटने की मशीन लगा रखी थी। इससे वह किसानों के खलिहान पहुंचकर कुट्टी काटने का काम किया करता था। बुधवार की सुबह वह सिमरिया गांव के रामदेव यादव के खलिहान में पुआल की कुट्टी काटने के लिए पहुंचा था। इस बीच गले में बंधी मफलर के मशीन में फंसने की वजह से अचानक वह तेज धार ब्लेड की चपेट में आ गया। उसका सिर का पूरा भाग मशीन में बुरी तरह फंस गया। इस हृदयविदारक घटना में उसकी मौके पर हीं मौत हो गई। बताया जाता है कि हादसे के बाद उसका शव काफी देर तक मशीन में फंसा रहा। हो-हल्ला होने पर आसपास के लोग दौड़े। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी जुट गई। सूचना पर विष्णुगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से शव को मशीन से बाहर निकाला। मृतक के सिर का भाग पूरी तरह क्षत विक्षत हो चुका था। घटना की जानकारी पाकर बरकट्ठा इलाके में इसी तरह का करने वाला मृतक का भांजा भी पहुंचा और घटना की जानकारी ली। उसने पुलिस के समक्ष हादसे में किसी की संलिप्तता से इंकार किया है। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। बताया जाता है कि काफी दिनों से बनासो में किराए के मकान में रहकर वह इलाके में कुट्टी कटाई का काम करता था। जानकारी पाकर राजस्थान से मृतक का पुत्र हजारीबाग के लिए निकल चुका है।

## विद्यालय प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों के साथ बैठक कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



मौके पर उपस्थित प्रबंधन समिति सदस्य एवं शिक्षक शिक्षिकाएं

बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आदर्श मध्य विद्यालय बड़कागांव में प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों के बीच बैठक हुई । जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संतोष राम संचालन शिक्षक दीपक कुमार राणा ने किया। मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने विद्यालय से संबंधित बातों पर चर्चा किया. बैठक में मुख्य रूप से शिक्षकों ,अभिभावकों एवं समिति के सदस्यों के बीच तालमेल बनाए रखने ,पठन-पाठन नियमितता बनाए रखने, विद्यालय के रखरखाव, शौचालय व्यवस्था ,अनुशासन आदि मुख्य बिंद. ुओं पर चर्चा की गई। मौके पर शिक्षक चेतलाल राम, विनोद रजक, हेमेंद्र कुमार ,दीपक राणा, उपाध्यक्ष अनीता देवी, समिति के सदस्य दीपक सिन्हा ,छुन्नू रविदास, रोहित साव,कपूर देवी, लक्ष्मी देवी ,नसीमा खातून, सावित्री देवी ,सुनीता कुमारी शिक्षिका बिना साहू, नीलू कुमारी, निगर सुलताना ,हुस्ने आरा ,शकुंतला कुमारी, ,पुष्पा कुमारी , नकुल महतो, तुलसी महतो ,कमलेश श्रीवास्तव ,राजू कुमार, कैसर अंजुम ,जमशेद अंसारी आदि उपस्थित थे।

## सद्भावना विकास मंच का मानगढ़ में बैठक

**अपेम लाइव : चौपारण**



चौपारणः सद्भावना विकास मंच सह पुलिस मित्र की बैठक प्रखण्ड के मांनगढ व झापा पंचायत में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मानगढ़ में आरती देवी,पंचयात सचिव रीना देवी व झापा में प्रखण्ड उपाध्यक्ष मीना देवी व कोषाध्यक्ष संजू देवी ने की। बैठक में सद्भावना विकास मंच सह पुलिस मित्र के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया गया और संघठन में कुछ लोगो को जोड़ने का काम किया गया। संघठन से जुड़ने वालो में जूही खातून,मुनिदा खातून, लाडली खातून, सैनिपा खातून, सलमा खातून, आंवर खातून सहित अन्य शामिल हुए। बैठक मे प्रखण्ड उपाध्यक्ष मीना देवी,प्रखण्ड कोषाध्यक्ष संजू देवी सदस्य मोनिका कुमारी, कुमारी रंजना, तारा देवी, पूनम कुमारी, योगीता देवी, आशा देवी, देवांती देवी सहित अन्य सदस्य शामिल थे।







